एक नजर में

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन

काँटाफोड़। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील सतवास की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मे आर .सी .तिवारी के मुख्य आतिथ्य,ओ,पी जोशी ,बी,एल,मालवीय के विशेष आतिथ्य व तहसील अध्यक्ष सुन्दर जायसवाल की अध्यक्षता में रखी गयी। जिसमे संघ का वार्षिक सम्मेलन 20 दिसम्बर 2025 को पेंशनर भवन तहसील परिसर सतवास में आयोजित करने का सर्वानुमति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को भव्य और गरिमामय बनाने के लिए सामग्री क्रय समिति,भोजन समिती ,मंच व्यवस्था ,अतिथियो का सम्मान आदि के लिए जवाबदारियो का विभाजन करते हुए सभी साथियों से कार्यक्रम में पूर्ण सहभागीता करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा और नवीन अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ संपन्न होगा। बैठक में दिनेशचंद्र कचोले, कैलाशचन्द्र प्रजापति, छतरसिंह सिसोदिया,मुकेश तिवारी, फरियाद हुसैन सैय्यद को पुष्प माला से स्वागत कर संघ की सदस्यता प्रदान की गयी। इस अवसर पर जगदीशचंद्र उइके, वहीद खान, खेरुशाह, प्रकाशचंद्र सोलंकी, मोहनलाल उपाध्याय, श्यामलाल जाधव, राघवेन्द्र तिवारी, जेपी यादव ,एचएल. उइके , जयनारायण धुर्वे, मांगीलाल चौधरी,धर्मेन्द्र व्यास,देवेन्द्र जोशी,श्रीमल पलासिया ,वाहिद खान पठान, राधेश्याम गोयल, अरविंद शर्मा आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे। संचालन कवि सुरेश साहू ने किया। व आभार रामेश्वर यादव ने व्यक्त किया।

आयुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

देवास। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम संबंधी कार्यों, समस्याओं एवं नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के अलावा कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त पत्रों के समयावधि में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत के पत्रों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित विभाग प्रमुखों को उचित मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश जारी किये गये। बैठक में आयुक्त के द्वारा निगम क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित एच.टी. विद्युत संयोजनों की मौका जांच करने के पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों के संबंध में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई तथा निर्देश जारी किये गये कि एच.टी. कनेक्शनों में डब्ल्यू. टी.पी., एस.टी.पी. ट्रेन्चिंग मैदान सहित अन्य जगहों पर स्थापित एच.टी.पी. संयोजन की मौके पर जांच की जावे जिसमें वर्तमान में आ रहे वास्तविक विद्युत लोड के मान से जांच होकर विद्युत देयक प्राप्त हो सके। आयुक्त के द्वारा इन स्थानों पर विद्युत बचत होने हेतु पॉवर फेक्टर मेन्टेन करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त के द्वारा वार्डो में अतिक्रमण को लेकर शिकायतों की समीक्षा की गई जिसमें वार्ड उपयंत्रियों ने अपने अपने वार्डों में नोटिस जारी करने से अवगत कराया गया। आयुक्त ने कहा कि जिन लोगों द्वारा निगम की बिना अनुमति के भवन निर्माण किये जा रहे हैं उन पर कार्यवाही करें तथा जिन लोगों द्वारा निगम द्वारा जारी अनुमति के विपरीत निर्माण किया है उनकी वार्ड उपयंत्री मौका जांच करें तथा ऐसे लोगों को भी नोटिस जारी करें। बैठक में वार्ड 03 में डामरीकरण होने के पश्चात मार्ग उखड़ गया के संबंध में प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कहा कि संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करें तथा उपयंत्री को निर्देश जारी किये वे अपने अपने वार्डों में किये जाने वाले मार्ग निर्माणों पर सीमेंट कांक्रीट की लेयर के पूर्व मार्ग के बेस की मजबूती की भी तकनीकि जांच करें ताकि मार्ग निर्माण मानक गुणवत्ता पूर्ण होकर वर्षों तक उपयोगी बना रहे। आयुक्त के द्वारा पी.एम.स्वनिधि के प्रकरणों की समीक्षा कर नवीन आवेदन पत्रों के प्रकरणों को शीघ्र निपटान करें। संबल जनकल्याण योजना में श्रम पदाधिकारी के पत्र पर लंबित प्रकरणों का निपटान नगरीय आवास योजना में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडलों के प्रकरणों के सत्यापन की भी समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त ने सी.एम. हेल्पलाईन के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य, जलप्रदाय की शतप्रतिशत शिकायतों को निराकृत कर शेष लोकनिर्माण 95 प्रतिशत,परियोजना एवं अन्य विभागोंको 90 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किसा गया। तथा सी.एम. हेलपलाईन में दर्ज नागरिकों की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक जवाब डालने के निर्देश दिये गये। इसमें एक सप्ताह में ग्रेडिंग की शिकायतों को निराकृत किये जाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल एवं समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

श्रीवास्तव विकास सलाहकार समिति सदस्य नियुक्त

देवास। जिले से नगर परिषद टोंक खुर्द के भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव को देवास जिला विकास सलाहकार समिति के पद पर नियुक्त किया गया। श्रीवास्तव को जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य के पद पर नियुक्त होने पर समूचा। देवास जिला के सर्व समाज के लोगों ने हर्ष व्याप्त कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा उपाध्यक्ष है तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह सदस्य सचिव हैं। इस देवास जिला विकास सलाहकार समिति में जिले के सांसद,समस्त विधायकगण सदस्य रहेंगे। श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव,उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव का आभार माना।

शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली से हजारों स्कूल बंद होने की कगार पर : चतुर्वेदी

खाचरौद। मप्र में स्कूल शिक्षा विभाग पर भारी भरमक बजट व्यय करने के बाद शिक्षा का स्तर निरंतर गिर रहा है। मप्र शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूपनारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया कि प्रदेश में लगातार सरकारी स्कूल खाली होते जा रहे है। वहीं निजी स्कूलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस का मुख्य कारण सरकार शिक्षक और शिक्षा विभाग तीनों की कार्यप्रणाली जिम्मेदार है। चालू शिक्षक सत्र व आगामी नवीन शिक्षा सत्र 2026 में सैकड़ों सरकारी स्कूल बंद होने की कगार पर हैं।

पूर्व महापौर के पुत्र पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

महिला के साथ 25,51 लाख की कथित ठगी का मामला

देवास। शहर की एक महिला से प्लॉट दिलाने के नाम पर 25 लाख 51 हजार रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने दिग्विजयसिंह ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पूर्व महापौर एवं वर्तमान कांग्रेस प्रदेश महासचिव का पुत्र बताया गया है। एफआईआर के अनुसार, फरियादी सीमा शर्मा (62 वर्ष), निवासी 91 अष्टविनायक नगर, देवास ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी दिग्विजयसिंह ठाकुर ने कस्तूरी विहार कॉलोनी में प्लॉट दिलाने का प्रस्ताव दिया था। कॉलोनी के विकसित होने, टीएनसी प्रक्रिया पूर्ण होने और शीघ्र रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिलाकर आरोपी ने अलग-अलग तिथियों में कुल 25 लाख 51 हजार रुपये प्राप्त किए। शिकायत में उल्लेख है कि 5 जून 2021 को आरोपी द्वारा एक इकरारनामा कराया गया। इसके बाद 25 मार्च 2025 को नया इकरारनामा कराते हुए प्लॉट नंबर बदल दिया गया। इसके बावजूद न तो पीड़िता के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और न ही कब्जा दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि संबंधित प्लॉट बाद में किसी अन्य महिला को विक्रय कर दिया गया, जिसकी जानकारी उसे काफी समय बाद लगी। जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगने या रजिस्ट्री कराने की बात कही तो आरोपी ने टालमटोल की और कथित रूप से धमकियां भी दीं। एफआईआर में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने स्वयं को राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बताते हुए कहा कि उसके संबंध बड़े नेताओं से हैं और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़िता ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक नुकसान का आरोप लगाया है। कोतवाली थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इकरारनामों, लेन-देन और कॉलोनी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े इस मामले के सामने आने के बाद शहर में चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच निष्पक्ष रूप से की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर की चालानी कार्रवाई

देवास। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी फैलाये जाने एवं कचरा जलाये जाने पर आयुक्त के निर्देश पर निगम द्वारा चालानी कार्यवाही की गई।

नगर निगम स्वच्छता अमले के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार द्वारा विभिन्न वार्डों के क्षेत्र में वार्ड 20 में सी एण्ड डी वेस्ट मटेरियल फैलाने पर, वार्ड 18 सनसिटी में घर के पाईप लाईन से सार्वजनिक मार्ग पर गन्दगी फैलाई जाने पर तथा वार्ड 26 में कचरा जलाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध 500 - 500 रू. की चालानी कार्यवाही की गई।

पुलिस की सजगता पर, निगम की लापरवाही भारी

देवास। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने देवास में पदस्त होते ही अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा ओर गुंडे बदमाशों की धर पकड़ करवाई। वहीं त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत शहर सहित सभी कालोनियों में रहवासियों को अपने घर दुकान के बाहर कैमरे लगाने के लिए प्रोत्साहित कर कैमरे लगवाए है। लेकिन शहर की कई कालोनियों में स्ट्रीट लाईट कई दिनों से बंद पड़ी है। जिसका फायदा चोर उठाते है और कालोनियों में दिन में घूमकर रेकी करने के बाद रात्रि में धावा बोलते है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया कि शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि में राजोदा मार्ग स्थित बी सी एम स्कूल के पास चंद्रतारा कालोनी निवासी विशाखा पुरोहित के मकान को चोरों ने टारगेट बनाकर चोरी का प्रयास किया। लेकिन घर के अंदर पालतु कुत्ते के भौंकने से घर मालिक की नींद खुल गई और उसने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और सीसी टीवी के फुटेज भी लिए। लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। इस तरह यह कहा जा सकता है कि पुलिस की सजगता पर नगर निगम की लापवाही भारी है। क्योंकि समय रहते स्ट्रीट लाईट सुधारी जाती तो चोरी की घटनाओं पर कहीं न कहीं रोक लग सकती है। चोर हमेशा सुनसान एवं अंधेरे वाली जगह को अपना निशाना बनाते है। पुलिस प्रशासन के माध्यम से जिस प्रकार नागरिकों से त्रिनेत्र अभियान अंतर्गत कैमरे लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उसी के साथ नगर निगम कमिश्नर को भी स्ट्रीट लाईट संधारण के लिए समय समय पर पत्र लिखकर अवगत करवाते रहे। कालोनी वासियों द्वारा तो कई बार नगर निगम में इस हेतु शिकायत भी की गई लेकिन कोई सुनवाई नही होती है।

कालीसिंध नदी से पानी चोरी थम नहीं रही, तेजी से घट रहा जलस्तर



नप का दल भी नही कर रहा धरपकड़, आमजन चिंतित

सोनकच्छ। नगर में एक मात्र पीने के पानी का जल स्त्रोत कालीसिंध नदी हैं। जिसे नगरवासियों को पुरे साल पर्याप्त पानी मिल सके। इसलिए शासन द्वारा समय-समय पर नदी के पानी की सुरक्षा के लिए नदी के पाले पर नाकिया (पाला बांधना) लगाकर पानी रोका जाता है। मगर नदी के आस पास रहने वाले कुछ खेतीहर किसानों के द्वारा नदी में जल मोटरें लगाकर अपनी फसलो को दिन रात पानी देते रहते है। यही मोटरे पिपलेश्वर घाट से लेकर कोटेश्वर मंदिर(ग्राम कोटड़ा) के आगे तक नदी के किनारों पर कई दर्जन मोटरे बेधड़क लगा रखी हैं। जिसके कारण दिसंबर माह मे नदी के घटते जलस्तर से समस्याओं के बादल मंडराने लगे हैं। जिसके चलते नदी का जलस्तर आने वाले समय में खत्म हो जायेगा और गर्मी में पानी किल्लत आमजन को ही उठाना पडेगी। यहां तक की जल स्तर तो अभी से कम होने लगा हैं। अगर इस ओर प्रशासन ने जल्द ही कोई ठोस कदम नही उठाए तो निकट भविष्य में पुरे नगर को पानी की किल्लत उठानी पड़ सकती है।

नदी की हालत देख आमजन में आक्रोश- कालीसिंध नदी के लगातार घटते जलस्तर को लेकर जनप्रतिनिधि व विभागों को कोई खास चिंता नजर नही आ रही है। नदी का जलस्तर अब पेयजल की टंकी तक पहुंच गया है। जहां नदी से टंकी में पानी भरने वाली मोटर के पाइप दिखने लग गए है। उधर मप्र शासन द्वारा नदी का पानी अब किसानों को देने के लिए मना कर दिया है इसके आदेश बाकायदा राज्य स्तर पर जारी किए गए है। बता दें कि, पूर्व में सिंचाई के लिए कालीसिंध नदी से किसानों के लिए पानी आरक्षित था लेकिन सन 2025 में शासन उसे बंद कर दिया है। एक नजर इस पर भी- नदी में पिपलेश्वर घाट के समीप बना डेम 8 फिट का है, जो कि पूर्ण रुप से खाली हो चुका है। सोनकच्छ नगर को पेयजल आपूर्ति के लिए 2 भागों में बांटा गया है। प्रत्येक भाग में 11 हजार से अधिक गेलन पानी की आवश्यकता लगती है। कुल दो भागों में 22 हजार गैलन पानी की आवश्यकता होती है। इधर देखें तो दूसरी ओर डेम 15 फिट का है, करीब 5 फिट पानी उतर चुका है। ऐसे में अगर लगातार सिंचाई के लिए पानी चोरी होता रहा तो निकट भविष्य में पेयजल की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

इनका कहना है

आज मेरे द्वारा नदी का निरीक्षण किया गया था। टीम का गठन कर लिया गया है। जल्द कार्रवाई शुरु की जाएगी।

अमरदास सेनानी
सीएमओ, नप सोनकच्छ

बाल वाटिका के नाम पर महज औपचारिकताएं प्रस्तुत कर रही है ग्राम पंचायत चरबर्डी

बागली। देवास जिले में नवाचार करते हुए 422 बाल वाटिकाये बनाई गई है । ग्राम पंचायत स्तर पर बच्चों को खेलने टहलने एवं बुजुर्गों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इनका निर्माण सुनिश्चित किया गया है। 15वे/05वे वित्त अंतर्गत राशि जारी करते हुए इनका निर्माण किया जा रहा है। लेकिन ग्राम पंचायत चार बर्ड़ी अंतर्गत रामपुरा सामुदायिक भवन परिसर मे बाल वाटिका का निर्माण किया अव्यवस्थित तरीके से जा रहा है। इस परिसर में वाटर सप्लाई सबमर्सिबल स्टैंड और स्वच्छता मिशन के तहत सुलभ शौचालय भी निर्मित है। यहां पर बनी रही बाल वाटिका में पुरानी दीवार पर ही रंग रोगन कर दिया गया है ।और गिनती के चार पांच संसाधन बच्चों को खेलने के लिए लगा दिए गए जिसमें झूला फिसल पट्टी चकरी झूला और अन्य साधन लगाकर बाल वाटिका निर्माण की इति श्री कर दी जबकि अन्य स्थानों पर सुंदर-सुंदर बाल वाटि काओं का निर्माण किया गया है। जो देखने में आकर्षण और हरियाली युक्त है। यहा निर्मित बाल वाटिका जनपद मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूरी पर है। विगत 15 दिन पूर्व जिला पंचायत सीईओ स्वयं यहां पर आई और उन्होंने भी अवलोकन किया और पंचायत को निर्देश दिए उसके बावजूद भी कोई गतिशीलता नहीं आई नियम अनुसार बाल वाटिका में बच्चों के लिए झूले घूमने के लिए पाथवे बाउंड्री वॉल बैठने के लिए कुर्सी आदि सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। लेकिन इस बाल वाटिका में पथवे की जगह गिट्टी चुरी और बोल्डर पड़े हुए हैं ।बैठने के लिए कोई कुर्सियां नहीं है। इस संबंध में पंचायत सचिव राखी गरासिया से चर्चा करना चाहिए लेकिन उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया सरपंच मांगीलाल बछानिया ने बताया कि सचिव और रोजगार सहायक ही इस कार्य को देख रहे हैं। उन्हें भी लगता है कि अन्य स्थानों पर बनी बाल वाटिकाओं की तुलना में यहां पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। जबकि यह क्षेत्र चौराहे पर होने की वजह से इन पंचायत के अलावा अन्य पंचायत के लोग भी यहां पर आते हैं गुरुवार को हाट बाजार के दौरान बड़ी मात्रा में भीड़ रहती है। बुजुर्गों की संख्या भी अच्छी खासी रहती है। यदि बाल वाटिका सुंदर बन जाए तो वह कुछ पल यहां पर विश्राम कर सके टहल सके।

इनका कहना है

आप निश्चिंत रहिए मनरेगा की राशि से बनने वाली बाल वाटिका बहुत बेहतर बनेगी यदि कोई अनियमितता हुई तो संबंधित लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

फतेह सिंह गवली पंचायत इंस्पेक्टर बागली जनपद

आखरी तारीख पर उम्मीदवारों ने किया नामांकन

सतवास। सतवास के वार्ड क्रमांक 9की दो बार की कांग्रेस पार्षद शेरबानो कय्यूम के निधन के बाद रिक्त हुए पार्षद पद हेतु सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय सहित तीन उम्मीदवारो ने अपना नामांकन जमा किया। सुबह सबसे पहले भाजपा की और से सुधा लक्ष्मण चौहान ने बैंड बाजों के साथ बागली विधायक मुरली भंवरा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ और महिलाओं के साथ रैली के रूप में नामांकन कर ने पहुंची। विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि इस बार यह चुनाव भाजपा सब का साथ सबका विश्वास के साथ जीत रही है। उसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व पार्षद स्व शेर बानो कय्यूम की बहु सोनम जुनैद शाह ने अपना नामांकन जमा किया। उनके बाद निर्दलीय फरीदा डा. माजिद कुरैशी ने अपना नामांकन जमा किया। इस तरह कुल तीन उम्मीदवारो ने तहसीलदार अरविन्द दिवाकर के समक्ष नामांकन जमा किए। लगभग साढ़े नौ सो मतदाता वाले इस कांग्रेस के गढ़ में कांग्रेस के बागी फरीदा माजिद कुरैशी अगर अपना नामांकन वापस नहीं लेती है तो उसके कारण कांग्रेस की मुश्किल बढ़ सकती हैं।

कुसमानिया एवं आसपास के ग्रामों में ठेकेदार द्वारा अवैध शराब की बिक्री से जनता परेशान

परेशान महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

कन्नौद। देवास जिले के कन्नौद के पास ग्राम थुरिया जागठा से बडी तादात मे महिलाओ ने ऐस डी एम कार्यालय कन्नौद पहुंचकर थुरिया मे अवैध रूप संचालित की जा रही शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। महिलाओ ने बताया कि आवासीय बस्ती मे शराब की बिक्री किये जाने के कारण शराबी शराब पीकर बस्ती मे लडाई झगडा करते है वही छोटे छोटे बच्चो पर बुरा असर पड रहा है स्कूल आने जाने वाली लड़किया भी परेशान है लेकिन यहां तो बगैर लायसेंस के संचालित दुकान गांव का माहौल खराब कर रही है सुशीला। सीमा गीता सावित्री बाई तथा सुनीता सहित कई महिलाओ ने एसडीएम को पत्र सौपकर अवैध रूप से चल रही दुकान हटाने की मांग की वही पुलिस थाना कन्नौद पहुंचकर भी दुकाने हटाने और सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की। स्मरण रहे कि एक ही ग्राम थुरिया नहीं वरन् कुसमानिया के आस पास के सभी गांवो में यही हाल हे लाइसेंसी द्वारा अवैध रूप से ग्रामों में शराब डायरी सिस्टम से देकर बिक्री कर बच्चों का भविष्य खराब करने तथा गाँव का माहौल ख़राब किया जा रहा है। शराब के नशे में लोग उत्पाद मचाते होकर मारपीट व झगड़े होना आम बात हो गई है। प्रशासन को ज्ञापन व थाने पर सूचना के बाद क्या प्रशासन कुछ करने का मन बनाएगा या फिर अवैध शराब पीकर शराबी ऐसे हो उत्पात मचाते रहेगे। साथ ही ऐसे शराब विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही भी होनी चाहिये।

एक नजर समिति ने संगीत प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जीएच रैसोनी मेमोरियल वन-डे ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट संपन्न

देवास। देवास जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित जी.एच. रैसोनी मेमोरियल देवास वन-डे ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कुल 184 शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि मशहूर उद्योगपति अरविंद चौधरी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में इंटरनेशनल मास्टर अक्षत कम्पारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सोमानी ने की। इस अवसर पर मंदसौर से पूर्व मध्य प्रदेश सचिव एवं शतरंज सम्राट के संपादक नंदकिशोर जोशी , जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, देवास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित, उपाध्यक्ष चेतन राठौड़ तथा संघ के मार्गदर्शक अनिल श्रीवास्तव और राजीव श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। देवास जिला शतरंज संघ के सचिव पवन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर से खिलाड़ियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे देवास में शतरंज के बढ़ते स्तर को नई पहचान मिली।

प्रतियोगिता के परिणाम

ओपन (मेन प्राइज) कैटेगरी में प्रथम अजय विरवानी, द्वितीय वैभव नेमा, तृतीय कियान पोरवाल रहे। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रतिभागियों को भी कैश प्राइज एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

आयु वर्ग कैटेगरी

अंडर 7 में आदर्श सिंह ठाकुर, अंडर 9 में रिद्धेश आयाचित, अंडर 11 में दीक्षित सोदानी, अंडर 13 में वैदिक सिंह देव, अंडर 15 में आनंद सिंह कुशवाह, अंडर 17 में राम अवस्थी,

महिला वर्ग में अन्वेषा छजलानी, वेटरन वर्ग में मकरंद भागवत। विजेताओं को कैश प्राइज, ट्रॉफी, स्पाइस एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। इसके अलावा द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता का संचालन मुख्य निर्णायक (चीफ आर्बिटर) विवेक विश्वकर्मा द्वारा किया गया। उनके साथ प्रिंस लोबो, निखिल महाजन, कुणाल अयाचित, अंकित सिंह सहित निर्णायक मंडल ने प्रतियोगिता को अनुशासित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारियों पवन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, अंकित सिंह, सरफराज, मनोज कुशवाह, मनोज सिंह, देवास के कोच मुकेश धुरिया, पीयूष श्रीवास्तव, कुंडू सर सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

अतिथियों द्वारा सभी विजेताओं एवं नवोदित खिलाड़ियों को बधाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में देवास जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष क्षितेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।